Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

**(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)**

**प्रेस नोट**

- **उप अधीक्षक पुलिस (निलम्बित) रिश्वत मांग प्रकरण में बाद अनुसंधान गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, *10 फरवरी, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर मुख्यालय स्थित एस.यू. इकाई, जयपुर द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **जितेन्द्र कुमार जैन (आंचलिया) उप अधीक्षक पुलिस**, (निलम्बित) जिला उदयपुर को **रिश्वत मांग प्रकरण** में बाद अनुसंधान जयपुर से गिरफ्तार किया है।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक)** ने बताया कि ए.सी.बी. को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि **जितेन्द्र कुमार जैन (आंचलिया) उप अधीक्षक पुलिस**, (निलम्बित) जमीन के विवाद मामले में रोशन लाल उपनिरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना सुखेर एवं अन्य आरोपियों के माध्यम से **अपने पद का दुरूपयोग करते हुये** स्वयं तथा अन्य के लिये अनुचित लाभ प्राप्त किया जा रहा है।

तत्पश्चात् उक्त कार्यवाही के संबंध में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण संख्या 507/2022 दर्ज किया जाकर अनुसंधान एस.यू. जयपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़** द्वारा प्रारंभ किया गया। आज प्रकरण अनुसंधान अधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न टीमों द्वारा कार्यवाही करके प्रकरण में आरोपियों को दस्तयाब किया गया है। अनुसंधान अधिकारी द्वारा प्रकरण में **जितेन्द्र कुमार जैन (आंचलिया)** पुत्र श्री भैरूलाल निवासी गांव पीण्ड, पुलिस थाना निकुम्भ, जिला चित्तौड़गढ़ हाल निवासी मकान नं0 73, टैगोरनगर, सैक्टर 4, पुलिस थाना हिरण मगरी, जिला उदयपुर हाल **उप अधीक्षक पुलिस**, (निलम्बित) को **रिश्वत मांग प्रकरण** में बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपियों रोशनलाल उपनिरीक्षक, रमेश राठौड़, मनोज श्रीमाली एवं अन्य को निरूद्ध किया जाकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

**एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन.** के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ एवं उनके ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है।

**एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक)** ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल-फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135-02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ-साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।